Dainik Jagran-New Delhi-03-03-2011

एसएमएस व ई-मेल से मिलेगा रिजल्ट

नई दिल्ली, जागरण संवाददाता : गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आइपीयू) में इस बार ओएमआर शीट के साथ लगे दाखिला फार्म पर मोबाइल नंबर और ई-मेल आइडी जरूर लिखें। आइपीयू प्रशासन इस सत्र से परीक्षा परिणाम मोबाइल व ई-मेल पर भी भेजेगा। साथ ही छात्रों के इंटरनल और एक्सटर्नल मार्क्स विवि के वेबसाइट पर डाले जाएंगे। छात्र का एनरोलमेंट नंबर डालते ही उसका शैक्षणिक रिकार्ड सामने होगा। यह जानकारी आइपीयू के कुलपति प्रो. दिलीप के. बंधोपाध्याय ने दैनिक जागरण से बातचीत में दी।

उन्होंने बताया कि छात्रों और अभिभावकों के लिए स्मार्ट रिजल्ट योजना काफी प्रभावशाली होगी। इसमें छात्रों को सभी सेमेस्टर का रिकार्ड मिलेगा। वह इंटरनल और एक्सटर्नल अंकों का पूरा ब्योरा देख सकेंगे। वेबसाइट पर छात्रों का ब्योरा उपलब्ध होने से अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई से अवगत रहेंगे। देश के अन्य राज्यों से यहां पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों के अभिभावकों को इस योजना का सर्वाधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कैंपस को कश्मीरी गेट से द्वारका में स्थानांतरित करने के साथ ही उसे हाईटेक किया गया है। विवि सात मार्च तक फेसबुक पर उपस्थिति दर्ज कराएगा। इससे अधिकतर छात्रों को जोड़ा जाएगा। इसके माध्यम से अन्य इंस्टीट्यूट में शिक्षारत छात्रों की समस्या पर भी विवि ध्यान दे सकेगा।

कुलपति ने बताया कि द्वारका में 62 एकड़ में 185 करोड़ रुपये खर्च कर नया कैंपस बनाया गया है। यहां इंटरनेट कनेक्टीविटी मुहैया कराने के लिए पांच करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। कैंपस में 35 लैब हैं जिन्हें एक जीबी हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्टीविटी से जोड़ा गया है। लाइब्रेरी के जर्नल्स को ऑनलाइन किया जा चुका है। छात्रों को लाइब्रेरी के लिए स्मार्ट कार्ड रूपी ई-टिकट जारी करने की योजना पर कार्य चल रहा है, जो जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

आइपीयू

- वेबसाइट पर सभी छात्रों की शैक्षणिक योग्यता का होगा रिकार्ड
- कैंपस को हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्टीविटी से जोड़ा गया
- सात मार्च से फेसबुक पर उपस्थिति दर्ज कराएगा विवि

कुलपति प्रो. दिलीप के. बंधोपाध्याय।